**खबर संक्षेप**

## भगवान भुवन भास्कर की आज निकलेगी शोभायात्रा

**कटनी।** श्री गहोई वैश्य समाज का सूर्य उपासना महापर्व गहोई दिवस आज रविवार 19 जनवरी को स्थानीय श्री गहोई वैष्य समाज द्वारा आयोजित किया गया है जिसमें भगवान भुवन भास्कर की भव्य शोभायात्रा श्री जगन्नाथ मंदिर से प्रातः 8:30 बजे प्रारंभ होगी। शोभायात्रा आजाद चौक, शेर चौक, झंडा बाजार, रुई बाजार, कपडा बाजार, सिल्वर टाकीज रोड, कारगिल चैक, गर्ग चैरहा, घंटाघर, खेरमाई मढिया होते हुये श्री गहोई वैष्य पंचायती सत्संग भवन में महाआरती के साथ सम्पन्न होगी । सभी सामजिक बन्धुओं मातृ शक्ति से आग्रह है कि गहोई दिवस के इस पावन पर्व पर अपने अपने घरों में तोरण द्वार ,रंगोली सजा कर गहोई दिवस में भगवान भुवन भास्कर का स्वागत करें एंव शोभा यात्रा मार्ग पर अपने घरो के सामने रंगोली तथा कलश सजाकर भगवान श्री भुवन भास्कर का स्वागत वंदनकर धर्मलाभ प्राप्त करें एंव शोभायात्रा में सपरिवार शामिल होकर इस आयोजन को गरिमा प्रदान करें।

## निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन आज

**बरही।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चित्रकूट के डॉक्टरों की उपस्थिति में बरही नगर में विशाल निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है । आज 19 जनवरी दिन रविवार को नवीन बस स्टैंड नगर परिषद कार्यालय के बाजू से निशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नेत्र संबंधित मरीजो की जांच एवं मोतियाबिंद के मरीज को भर्ती कराकर चित्रकूट ले जाकर ऑपरेशन कराया जाएगा । ऑपरेशन उपरांत मरीज को वापस शिविर स्थल पर पहुंचाया जाएगा । ज्ञात हो कि यह शिविर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय बाला प्रसाद वर्मा के द्वारा विगत वर्षों से आयोजित किया जा रहा था, अब उनकी स्मृति में उनके पुत्र अजय बाला प्रसाद वर्मा के द्वारा विगत 4 वर्षों से लगातार किया जा रहा है, जिसमें नगर के सामाजिक संगठनों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा भरपूर सहयोग प्रदान किया जाता है । आयोजन करता एवं सहयोगियों ने नेत्र परीक्षण स्थल पर अधिक से अधिक नेत्र रोगियों को पहुंचने की अपील की है ।

## फंद पर लटकी मिली महिला की लाश, हत्या के आरोप



**बरही।** थाना अंतर्गत ग्राम उबरा में गत दोपहर एक विवाहिता का शव किचन के बगल में रोशनदान में साड़ी के टुकड़े में फांसी के फंदे पर लटकते हुए मिला। घटना के कारण क्षेत्र में खलबली मच गई। घटनास्थल पर मृतका की चूड़ियां बिखरी पाए जाने से मृतका के मायके वालों ने हत्या के आरोप लगाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरिया कला निवासी ओमप्रकाश मिश्रा की लड़की की शादी उबरा गांव निवासी राजेंद्र तिवारी के पुत्र कमला कांत तिवारी उर्फ मंटू के साथ हुई थी। मृतिका की एक 8 वर्ष की बच्ची भी है। घटना गत दोपहर 2 बजे के लगभग की बताई जा रही है। मृतिका के पिता का आरोप है कि उसकी बेटी को मार कर फांसी में लटका दिया गया है। घटना की जानकारी जब पुलिस को लगी तो बरही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतरवा कर पंचनामा उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मर्ग कायम कर पूरी घटना को जांच में ले लिया है। बताया जा रहा है कि बरही पुलिस के पहुंचने पर उसका पति मंटू घर पर नहीं था। पुलिस के बुलाने पर आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बरही पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। हत्या है या आत्महत्या इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### एनकेजे पुलिस ने की कार्यवाही, उड़ीसा से लेकर आ रहे थे गांजा की खेप

# कार सवार दो तस्करों के पास से जब्त किया गया 10 लाख रूपए का गांजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

चारपहिया वाहन में गांजा की तस्करी करने वाले दो आरोपितों को एनकेजे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गांजा के साथ वाहन को भी जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपितों के पास से पुलिस ने करीब 10 लाख रूपए कीमती गांजा बरामद किया गया है। गांजा तस्कर उड़ीसा से छत्तीसगढ़ के रास्ते ये गांजा लेकर आ रहें थे और जबलपुर रीवा मे सप्लाई करने जा रहें थे। पुलिस के अनुसार वाहन चैकिंग के दौरान जुहला ब्रिज के पास एक सफेद रंग की कार मारूती स्विफ्ट कार कटनी तरफ से आ रही थी। पुलिस को देखकर कार तेजी से जुहला ब्रिज की तरफ भागी तब संदेह होने पर पुलिस ने पूरी टीम के साथ पीछा किया। मारूती स्विफ्ट डिजायर कार पेड़ से टकरा गई जिसे तत्काल घेरा बंदी कर कार के ड्रायवर व पीछे बैठे व्यक्ति को भागने से पहले पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कार को चैक करने पर डिग्गी से कवर को हटाकर देखने पर गाड़ी की डिग्गी में स्टेपनी रखने की जगह पर कुछ पैकेट मिले।

आरोपित मोहम्मद ताहिर पिता भोख मुन्ना 46 साल निवासी सुयाताल मुजावर मोहल्ला थाना गढ़ा जबलपुर तथा नूर अली उर्फ नूरूलेन अली पिता दिलगार अहमद 18 साल निवासी मंडी मदार टेकरी थाना हनुमान ताल जिला जबलपुर को पकड़ा गया।



### कार में बनाया था गुप्त चेंबर

दोनो व्यक्तियों से पैकेट के संबंध में पूछने पर दोनो व्यक्तियों द्वारा पैकेट में गांजा होना बताया। गाड़ी को पुनः सघनता से चैक करने पर तीनो दरवाजो के प्लास्टिक के कवर हटाकर देखने पर दरवाजों के खाली जगहों पर भी ब्राउन टेप में लिपटे पैकेट मिले एवं और संघनता से वाहन की जॉच एवं आरोपियों से पूछताछ करने पर सीट और कार की डिग्गी में गुप्त चैम्बर का होना बताया। गुप्त चेम्बर को पीछे की सीट हटाकर देखने पर उसके अंदर पैकेट मिले एवं सीट एवं कार जिनमें उक्त आरोपियो के द्वारा मादक पदार्थ गांजा होना बताया।

सभी पैकिटो को निकलवाकर गिनने पर 74 छोटे बड़े पैकेट मिले अवैध मादक पदार्थ गांजा का कुल वजन 71 किलो 400 ग्राम कीमती लगभग 10 लाख 71 हजार रुपए एवं एक मारूती स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक MP 20 CB 1254 कीमती लगभग 8 लाख रूपये जप्त किया गया। थाना NKJ में दोनों आरोपितों मोहम्मद ताहिर ,नूर अली उर्फ नूरूलेन अली के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



कार्यवाही में थाना प्रभारी नीरज दुबे, सउनि केवल उईके, सउनि सहपाल परतेती प्र०आर० प्रहलाद सैयाम, आरिफ हुसैन आर. अर्पित पटेल, विजय राणा, जयंत कोरी, आर.सुजीत रजक, प्रशांत विश्वकर्मा सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भारत पर्व का जिला स्तरीय कार्यक्रम 26 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकतंत्र के लोक उत्सव “भारत पर्व“ का आयोजन इस वर्ष “आजादी का अमृत महोत्सव“ अंतर्गत आगामी 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस की संध्या पर जिला मुख्यालयों पर आयोजित किया जाएगा। जिले के भारत पर्व कार्यक्रम का आयोजन 26 जनवरी की शाम 6 बजे से ऑडीटोरियम भवन बस स्टैंड में किया जायेगा। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और देशभक्ति एवं देशप्रेम से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन होगा साथ ही जिला जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा प्रदेश के विकास की झलक पर आधारित जीवंत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा 26 जनवरी की सायं 6 बजे नगर पालिक निगम कटनी के ऑडीटोरियम भवन बस स्टैण्ड के पास कटनी में भारत पर्व के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजन हेतु जिला अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है। सम्पूर्ण कार्यक्रम व्यवस्था का दायित्व आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी को सौंपा जाकर कार्यक्रम स्थल पर लाइट, माईक, टेंट, बैनर, साफ- सफाई स्वल्पाहार, पेयजल एवं अन्य सम्पूर्ण व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। आमंत्रण पत्र वितरण एवं मंच व्यवस्था का दायित्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी तहसीलदार शहर कटनी एवं उपायुक्त नगर निगम कटनी को सौंपा जाकर सभी अतिथियों के आमंत्रण एवं बैठक व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ ही मंच में आसीन होने वाले अतिथियों की सूची तैयार करानें तथा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, जिला कलेक्टर आदि के नाम स्टीकर लगाने व मंच पर अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करानें के निर्देश दिए गए है।

भारत पर्व के अवसर पर मंच संचालन हेतु राजेन्द्र असाटी व्याख्याता डाइट एवं निधि चतुर्वेदी शिक्षिका शासकीय माध्यमिक शाला राबर्ट लाईन को दायित्व सौंपा गया है। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम का दायित्व डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे, सहायक परियोजना अधिकारी सुश्री वनश्री कुर्वेती को प्रदान किया गया है। यातायात एवं वाहन पार्किंग व्यवस्था हेतु नगर पुलिस अधीक्षक एवं यातायात प्रभारी सहित पुरस्कार वितरण व्यवस्था का दायित्व प्रमोद कुमार चतुर्वेदी डिप्टी कलेक्टर, जिला आबकारी अधिकारी आर.के. बघेल को सौपा गया है।



## यातायात नियमों का पालन करने किया जागरूक

**कटनी।** वाहन चालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बड़वारा पुलिस ने वाहन चालकों को जागरूक करने के प्रयास में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, एसडीओपी मुख्यालय उमराव सिंह के मार्गदर्शन में बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी के द्वारा शनिवार को वाहन चेकिंग के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। 18 जनवरी को लखाखेड़ा बायपास में वाहन चेकिंग के दौरान यातायात जागरूकता अभियान के माध्यम से वाहन चलाने के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करने एवं वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करने के संबंध में आवश्यक समझाइश दी गई। बढ़ते हुए एक्सीडेंट के मामलों को दृष्टिगत रखते हुए रोड क्रॉस करते समय सतर्क रहने संबंधी आवश्यक समझाइश दी गई।

## ट्रक की चपेट में आई महिला की थम गई सांसें

**बरही।** ट्रक की चपेट में आने से महिला कर्मचारी की मौत हो गई। बताया जाता है कि बरही थाना अंतर्गत पिपरिया कला में संचालित ललित राज वेयर हाउस से धान परिवहन कर रहे ट्रक ने महिला को कुचला दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक महिला विमला बाई पति भल्लू बर्मन निवासी पिपरिया कला 35 वर्ष अपने पति के साथ स्वयं ललित राज वेयरहाउस के खरीदी केंद्र में काम करते थे तथा चाय नाश्ता बनाते थे। खरीदी केंद्र से ट्रक धान परिवहन कर प्रतिष्ठा वेयरहाउस ले जाते हैं लगभग 4:00 बजे अचानक विमला बाई को ट्रक ने कुचल दिया। घायल महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



## 16 केन्द्रों में आयोजित परीक्षा में शामिल हुए 4682 विद्यार्थी




जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 शनिवार 20 जनवरी को 16 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त परीक्षा हेतु जिले के कुल 5 हजार 536 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। इन विद्यार्थियों में से शनिवार को आयोजित परीक्षा के दौरान कुल 4 हजार 682 विद्यार्थी 84 .57 फीसदी विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। शेष 854 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के बैठने संबंधी और अन्य सहायता की व्यवस्था अच्छी प्रकार से की गई। केंद्रों का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी सिंह ,सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरी के द्वारा किया गया। परीक्षा उपरांत विद्यार्थियों का उत्साह देखने योग्य था। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता की आशा जताई। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से परीक्षा को लेकर उनके अनुभव पूछे और उन्हें उनके परीक्षा परिणामों के लिए शुभकामनाएं दी।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए कल से प्रारंभ होगा किसानों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया आगामी 20 जनवरी से प्रारंभ होगी जो 31 मार्च तक चलेगी। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन व्यवस्था को सहज और सरल बनाया गया है।

किसान स्वयं के मोबाइल से घर बैठे एमपी किसान ऐप के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पंजीयन की निःशुल्क की व्यवस्था के अंतर्गत ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र तथा सहकारी समितियां तथा सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन किए जा सकेंगे। पंजीयन की व्यवस्था के अंतर्गत एमपी ऑनलाइन की ओर कॉमन सर्विस सेंटर की ओर से लोक सेवा केंद्र तथा निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर पंजीयन कराए जा सकते हैं।

किसान पंजीयन के समय बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध कराना होगी। जन धन, अक्रियाशील संयुक्त बैंक खाता एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक खाता पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाइल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें क्योंकि किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर बेची जाने वाली उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के भू अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होने पर पंजीयन होगा।

सिकमी बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर किया जाएगा।

### कटनी अल्प प्रवास पर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष ने बीजेपी पर साधा निशाना

# बीजेपी के नुमाइंदे बने हैं अधिकारी, इन्हें जनता हित में करना चाहिए कार्य : सिंघार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार शनिवार को अल्प प्रवास पर कटनी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा जो अधिकारी भाजपा के हिसाब से काम करते हैं, उन्हें आरएसएस की चड्डी पहनना चाहिए। अधिकारियों को निष्पक्ष होकर जनता के लिए काम करना चाहिए। यही संविधान में है, नियम भी है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे जनकल्याण शिविर को लेकर भाजपा पर तंज कसा। उन्होंने कहा- कल्याण इनके मंत्रियों का हो रहा है, सोना वहां से निकल रहा है। जिले की समस्याएं विधानसभा में नहीं उठाई जा रही हैं, इस वजह से जिले का विकास जिस तेजी से होना चाहिए, नहीं हो पा रहा है। प्रशासन के अधिकारी बीजेपी के नुमाइंदे बने हुए हैं, जो गलत है। इन्हें जनता के हित में काम करना चाहिए। यही संविधान कहता है।



नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में जनता की क्या समस्याएं है, इन्ही समस्याओं को जानने के लिए उनके द्वारा पूरे प्रदेश में दौरे शुरू किए गए है। हर जिले जाकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाएगा। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला के आवास पर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष ने स्थानीय कांग्रेस नेताओ से संगठन को लेकर चर्चाएं की।

इस अवसर पर कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष प्रियदर्शन गौर, विजय पटेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पद्मा शुक्ला, सुमन रजक, शिक्षक नेता रामनरेश त्रिपाठी, इंटक नेता बीएम तिवारी, हरि शंकर शुक्ला, राजा जगवानी, मौसूफ़ अहमद बिट्टू, ईश्वर बहरानी, चोखे भाई जान, सुरेंद्र मोहन मिश्रा, सनत शुक्ला, राजकिशोर अग्रवाल और अभय खरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### शिविरों में प्राप्त 90 फीसदी आवेदनों का किया गया निराकरण

# जनकल्याण अभियान के तहत जिले में आयोजित हुए 410 शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का आयोजन जिले की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के वार्डों में किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शनिवार 18 जनवरी 2025 की प्रातः तक जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कुल 410 शिविरों आयोजित किये जा चुके हैं। शिविर आयोजन के मामले में कटनी जिला प्रदेश में अग्रणी जिलों में शामिल है यहां पर अब तक लगभग 97 फीसदी शिविरों का आयोजन किया जा चुका है।

जिले में शनिवार 18 जनवरी तक कुल आयोजित 410 शिविरों में अब तक 35 हजार 209 आवेदन प्राप्त किये जा चुके है जिनमें शिविरों 34 हजार 942 तथा 267 आवेदन ऑनलाइन आवेदन शामिल हैं। प्राप्त कुल आवेदनों में से 31 हजार 608 आवेदन लगभग 89.8 फीसदी आवेदनों का निराकरण भी किया जा चुका है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने समय- समय पर आयोजित बैठकों और भ्रमण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का तत्परता से निराकरण किया जावे। किसी भी पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिये। उक्त निर्देशों के परिपालन में संबंधित अधिकारियों द्वारा लंबित आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में किया जा रहा है।



### विभागवार प्राप्त आवेदन

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित शिविरों में शनिवार 18 जनवरी 2025 तक उच्च शिक्षा विभाग के 89, तकनीकी उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के 54 , ऊर्जा विभाग के 1143, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के 1038, जनजातीय कार्य विभाग के 84, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के 10, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के 331, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 547, परिवहन विभाग के 2236, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के 726 आवेदन प्राप्त हुए है। जबकि मत्स्य पालन एवं मछुआ विकास विभाग के 12, महिला एवं बाल विकास विभाग के 404, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के 951, राजस्व विभाग के 4428, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के 11418, वित्त विभाग के 14, श्रम विभाग संबल योजना/कर्मकार मण्डल के 7763, सहकारिता विभाग के 62, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग 3641, सामान्य प्रशासन विभाग के 223 आवेदन सहित सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के 35 इस प्रकार कुल 35 हजार 209 आवेदन प्राप्त हुए है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जनकल्याण शिविरों में केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ पाने से शेष रह गये पात्र हितग्राहियों के सर्वे का कार्य किया जाकर 45 हितग्राही मूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को जोड़ा जा रहा है तथा आमजनों से जुड़ी 63 शासकीय सेवाओं से संबंधित आवेदकों की समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

# धरा गया शातिर चोर, डेढ़ लाख की सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलहरी रोड, श्मशान घाट के पास पशु औषधालय में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के पास से 1,50,000 रूपए का सामान बरामद किया हैं। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी निवासी महाराणा प्रताप वार्ड, झिंझरी के पास से गिरफ्तार किया गया।

थाना प्रभारी अनूप दुबे ने बताया कि 12-13 जनवरी को आरोपित ने पशु औषधालय मे चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पशु औषधालय के कर्मचारियों ने 16 जनवरी को वारदात की रिपोर्ट दर्ज की कराई थी कि 12-13 जनवरी के बीच सुबह 9:00 बजे चोरी की वारदात हुई, जिसमें अज्ञात चोर ने करीब 1,50,000 मूल्य का सामान चुरा लिया था। पुलिस ने मामले में तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। जांच के दौरान संदिग्ध मोहम्मद साजिद मोहम्मद हाशिम उम्र 54 वर्ष, निवासी महाराणा प्रताप वार्ड, झिंझरी, को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद किया है। इस सफलता में अनूप सिंह ठाकुर थाना प्रभारी माधवनगर, प्रियंका राजपूत उप निरीक्षक चौकी प्रभारी झिंझरी, माधवनगर थाना के प्रधान आरक्षक कमलेश बैरागी, सोमनाथ शर्मा, राजेश चौधरी, आरक्षक लोकेंद्र सिंह, आरक्षक जज यादव, आरक्षक चालक ओम शिव का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने हुई बैठक

**विजयराघवगढ़।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व को गरिमा के साथ मनाने अनुविभागीय अधिकारी महेश मंडलोई की अध्यक्षता में संयुक्त तहसील ग्राम सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया जिसमेंतहसील क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों समस्त विभागों के अधिकारियों उपस्थिति में राष्ट्रीय पर्व को सौहार्द्यता के साथ मनाने निर्देशित किया गया। गणतंत्र दिवस पर्व पर नगर की साफ सफाई पेयजल व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था आदि पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष श्रीराम सोनी नगर परिषद उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, अधिवक्ता राजा उरमालिया नूर मोहम्मद सिद्दीकी तहसीलदार नायब तहसीलदार महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शिक्षा विभाग प्राचार्य विद्युत प्रभारी शिक्षा विभाग प्राचार्य विद्युत प्रभारी नगर परिषद के कर्मचारी सहित गण नागरिकों की उपस्थिति रही।

### महाराजा मणिकुंडल की मनाई गई जयंती

**कटनी।** अखिल भारत वर्षीय आयोध्यावासी वैश्य नगर सभा एवं महिला मण्डल के तत्वाधान में एक भव्य कार्यक्रम समाज के प्रवर्तक महाराजा मणिकुण्डल के जयंती पर्व पर अति हर्षोल्लास एवं धार्मिकमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। उक्त आशय की जानकारी समाज के महामंत्री प्रवीण गुप्ता पप्पू ने बताया कि ग्राम बंजारी स्थित सचिन सुभाष गुप्ता फार्मा हाउस में आयोजित इस जयंती पर्व पर एवं नूतन वर्ष 2025 मिलन समारोह पर अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक सामाजिक कार्यक्रमों की धूम रहीं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमति प्रभा गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी बसंत गुप्ता एवं नगर सभा अध्यक्ष संजय गुप्ता पप्पू की अध्यक्षता की गई। इस मौके पर महापौर ने अपने उद्बोधन में कहां कि समाज एक पवित्र गंगा तरह है। समाज के उत्तरोत्तर विकास एवं सामाजिक कार्यो में सभी का अमूल्य योगदान होना चाहिए जिससे सामाजिक बन्धु प्रगति पथ की आर अग्रसर हो सकें। आपने समाज के उत्कृष्ट कार्यो के प्रशंसा करते हुये सभी पदाधिकारियों को इस जयंती पर्व पर बधाईयॉ दी हैं।

### रामचरित मानस का संगीतमय कार्यक्रम

**बरही।** खितौली ग्राम पंचायत भवन में शनिवार को शासन के निर्देशानुसार आनंद उत्सव कार्यक्रम में खितौली के श्री बजरंग रामायण मंडल, श्री देशहाई माता रामायण मंडल एवं श्री हनुमान रामायण मंडल द्वारा रामचरित मानस का संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी मंडलों द्वारा रामचरित मानस का बहुत सुंदर गायन किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि काशी गुप्ता, सरपंच सुखसेन सिंह, धनीराम त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष खितौली मनोज तिवारी, उपसरपंच मिथलेश त्रिपाठी, संतोष सिंह, शिवकांत चतुर्वेदी, सचिव दिनेश यादव, रोजगार सहायक देवानंद रजक, संतोष सोनी, संतोष दुबे आदि उपस्थित रहे।

### दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर कल

**कटनी।** जिले के शासकीय स्कूलों में कक्षा 9 वीं से 12वीं में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों की औपचारिक पहचान चिकित्सीय मूल्यांकन प्रमाणपत्र एवं मूल्यांकन उपरांत आवश्यक सुविधाएं एवं उपकरण प्रदाय के लिए सोमवार 20 जनवरी को आदर्श माध्यमिक विद्यालय सेठ गुलाबचंद रेल्वे स्टेशन के पास में शिविर आयोजित किया गया है। डीईओ पी.पी.सिंह ने शास हाई स्कूल एवं उमावि के प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्य को विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को शिविर में लाकर शिविर का लाभ प्रदान कराने के निर्देश दिए है।

## नगर निगम द्वारा चिन्हित किये गए अतिक्रमण को हटाने होने लगी कवायद

# घंटाघर पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण एवं निर्माण के लिए डॉक्टर ने की पहल

जगन्नाथ चौक से घंटाघर पहुंच मार्ग निर्माण का कार्य लंबे समय से उलझा हुआ है। इस मार्ग के निर्माण में राजनीतिक उठापटक एवं वर्चस्व प्रमुख कारण है। इस मार्ग में यातायात की सुगमता को लेकर नगर निगम द्वारा कई बार इस मार्ग के निर्माण एवं चौड़ीकरण की जद में आ रहे भवनों को चिन्हित कर तोड़ने के प्रयास जब भी किये गए तब तब कोई न कोई रोड़ा सामने आ गया। इसी तरह यह मार्ग सालों से अधर में लटका हुआ है जिसका खामियाजा नागरिकों एवं वाहन चालकों को भोगना पड़ रहा है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

घंटाघर पहुंच मार्ग में हो रही फजीहत को दूर करने के लिए न सिर्फ हर कोई सहयोग के लिए तैयार है मगर सियासी परिस्थिति अनुकूल नहीं होने के चलते यह मार्ग अब तक नहीं बन पा रहा है। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने पद ग्रहण के साथ ही इस मार्ग को बनाने के लिए प्राथमिकता दी थी। लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं लेकिन श्रेय का लाभ लेने के लिए हर बार नेताबाजी हावी हो जाती है। नगर निगम द्वारा भवन स्वामियों को अतिक्रमण स्वयं से हटाने को कहा गया यदि तय समय में लोग स्वयं से अतिक्रमण नहीं हटाते तो फिर प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही किये जाने की बात कही गई है। हालांकि इस मार्ग मे आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए सभी सहयोग करने को तैयार है।

मार्ग चौड़ीकरण होने से पूरे शहर को जाम और परेशानियों से छुटकारा मिल जाएगा। इसके साथ ही एक सुंदर शहर के रूप में कटनी को स्थापित करने के प्रयास भी फलीभूत साबित हो सकेंगे। जहां एक तरफ मार्ग न बन पाए और इसका चौड़ीकरण ना हो पाए इसको लेकर कुछलोग काम में रोड़े अटकाने में लगे हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने की मंशा रखने वाले लोगों की भी कमी नहीं। कुछ इसी तरह के संकेत डॉक्टर अशोक चौराहा ने भी दिए हैं। घंटाघर मार्ग पर मौजूद डॉक्टर चौदहा ने अपने अस्पताल के चिन्हित हिस्से को गिराने का काम भी शुरू करा दिया है। डॉक्टर चौराहा ने ऐसे कदम उठाकर नगर के विकास एवं दूसरे लोगों के लिए प्रेरणास्पद बने है।

घंटाघर पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए कई बार धरना प्रदर्शन भी किया जा चुका है। महापौर ने भी कई बार इस मार्ग का अतिशीघ्र निर्माण के लिए प्रयास किया लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इस मार्ग का निर्माण और चौड़ीकरण होने ही नहीं देना चाहते, इसी वजह से उनके द्वारा बार-बार रोड़े अटकाने के प्रयत्न किए जाते हैं। शहर हित को ध्यान में रखते हुए लगातार मार्ग के चौड़ीकरण को प्रमुखता से बल प्रदान किया जा रहा है।



## आध्यात्मिक के मूल तत्व को आत्मसात करने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में संस्था की संस्थापक ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस पर प्रातः बाबा के तेल चित्र समक्ष भोग अर्पित कर सभी भाई बहनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके बताएं आध्यात्मिक के मूल तत्व को आत्मसात करने का संकल्प लिया और मौन रहकर सभी ने अखंड योग किया । राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने कहा कि मानव अगर साईलेन्स की शक्ति को समझ लें तो व्यक्ति महान बन सकता है साईलेन्स की शक्ति से नई सृष्टि का निर्माण होता है।

उन्होंने ब्रह्मा बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मानवता के उद्धारक तथा नारी शक्ति को नई पहचान देकर विश्व की सम्भवतः प्रथम नारी सत्ता द्वारा संचालित आध्यात्मिक संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थापना करने वाले ब्रह्मा बाबा नवयुग के अद्भुत शिल्पी थे। दैवी संस्कृति के पुनरुस्थापना के लिए उन्होंने वर्ष 1937 में ओम मंडली नामक संस्था बनाकर अपनी सम्पूर्ण अर्जित सम्पत्ति को समर्पित कर दिया। यह संस्था पांच मई 1950 को माउंट आबू राजस्थान में स्थानांतरित हुई।उन्होंने आगे बताया कि ब्रह्मा बाबा ने 18 जनवरी 1969 को अपनी देह का परित्याग करके संपूर्णता की स्थिति को प्राप्त किया था। उन्ही की पुण्य स्मृति में विश्व भर में इस संस्था की ओर से 18 जनवरी को अव्यक्त दिवस के रूप में मनाया जाता है। अंत में सभी भाई बहनों को ईश्वरीय भोग प्रदान किया गया इस अवसर पर बीके दुर्गा बहन नेहा बहन तृप्ति बहन शिवानी बहन मंगला माता सुनीता बहन सहित अन्य भाई बहनों की उपस्थिति रही ।

*सीमेंट एवं खदान कर्मचारी संघ ने बताई समस्याएं*

## कर्मचारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

कैमोर सीमेंट एवं खदान कर्मचारी संघ के तत्वाधान में अस्थाई आउटसोर्स एवं ठेका श्रमिकों के बढ़े हुए न्यूनतम वेतन की एरियर के भुगतान की मांग पर रोक हट जाने के बढ़ी हुई हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया। 1 अप्रैल 2024 से लागू पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन की वैधानिक रुकावटें 3 दिसंबर 2024 को न्यायालय इंदौर द्वारा दूर करते हुए 8 महीने से लगी रोक को हटा दिया गया है हुआ न्यूनतम वेतन का निर्धारण कर 4 मार्च 2024 को मध्य प्रदेश में राजपत्र पर प्रकाशित हुआ था इसलिए आउट सोर्स स्थाई ठेका श्रमिकों को न्यूनतम वेतन 1 अप्रैल 2024 से कराया जाना चाहिए।



ज्ञात हो की न्यायालय से रोक हटाए जाने के एक माह बाद से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी श्रम विभाग के द्वारा बड़ी हुई दरों का न्यूनतम वेतन का एरियर्स भुगतान हेतु आदेश जारी नहीं किया गया जिससे प्रदेश सहित जिला एवं विजय राघवगढ़ तहसील के ऐक्स सीमेंट वर्क्स एवं एवरेस्ट इंडस्ट्रीज सहित विभिन्न छोटे-छोटे उद्योग के साथ जनपद पंचायत नगर परिषद ग्राम पंचायत कॉलेज विद्यालयों शाहिद अन्य संस्थाओं में कार्यरत हजारों श्रमिकों वह कर्मचारियों मैं लगातार नाराजी बढ़ रही है तथा शासन की मनमानी पूर्ण मानसा से व्यथित होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपेक्षा की गई है कि 10 वर्षों से पुनरीक्षित वेतन मिला है।

उक्त अवसर पर संघ के अध्यक्ष गणेश राव एवं महामंत्री मुकेश गौतम संजय सिंह रवि शंकर दुबे शाहिद संघ के विभिन्न पदाधिकारी एवं श्रमिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लियाकैमोर सीमेंट एवं खदान कर्मचारी संघ के तत्वाधान में अस्थाई आउटसोर्स एवं ठेका श्रमिकों के बढ़े हुए न्यूनतम वेतन की एरियर के भुगतान की मांग पर रोक हट जाने के बढ़ी हुई हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

विजय राघवगढ़ 1 अप्रैल 2024 से लागू पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन की वैधानिक रुकावटें 3 दिसंबर 2024 को न्यायालय इंदौर द्वारा दूर करते हुए 8 महीने से लगी रोक को हटा दिया गया है हुआ न्यूनतम वेतन का निर्धारण कर 4 मार्च 2024 को मध्य प्रदेश में राजपत्र पर प्रकाशित हुआ था इसलिए आउट सोर्स स्थाई ठेका श्रमिकों को न्यूनतम वेतन 1 अप्रैल 2024 से कराया जाना चाहिए

## वाहन चालकों को यातायात नियमों की दी जानकारी



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मप्र में 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा माह 2025 परवाह थीम आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा 18 जनवरी 2025 को नेहरू युवा केंद्र संगठन के साथ संयुक्त रूप से माधवनगर गेट कटनी में वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर दो पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेमलेट धारण करने के लिए आमजन को प्रोत्साहित किया गया एवं पीछे बैठी सवारी को भी हेलमेट धारण करने की नसीहत दी गई।

## दो ठिकानों में दबिश देकर 75 पाव देशी शराब किया जब्त, 2 आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वाले दो आरोपितों को रंगनाथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रंगनाथनगर पुलिस ने थाना क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग कर अवैध शराब विक्रय के ठिकानों पर दविश देते हुये 2 प्रकरण 34 ए आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉं. संतोष डेहरिया एंव नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई।

जानकारी देते हुए रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है। गत दिवस सूचना मिली कि भीमराव चौक, फारेस्टर वार्ड, शास्त्री चौक में अवैध रूप से शराब विक्रय किया जा रहा है। स्टाफ द्वारा अवैध शराब बिक्रय के ठिकानों पर दविश दी गई जिसमें आरोपी विनोद कोरी पिता नाटी उर्फ गनेश 27 साल निवासी भीमराव चौक एंव गुल्ठानी उर्फ शंकर दयाल पिता रामप्रसाद 45 साल निवासी झर्रा टिकुरिया फारेस्टर वार्ड को अवैध शराब बेचते हुये पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया। आरोपियो से करीबन 75 पाव अवैध शराब जप्तकर 34 ए आबकारी एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी रंगनाथ नगर उप निरीक्षक नवीन नामदेव एवं टीम की भूमिका रही।

*भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत भोपाल में आयोजित हुई प्रतियोगिता*

## राज्य स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता मे गर्ल्स कॉलेज ने प्रदेश मे प्राप्त किया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय लोकनृत्य (समूह) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 16 जनवरी को भोपाल के सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,भोपाल में संपन्न हुई।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 10 संभाग के 19 महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी की छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जबलपुर संभाग के साथ कटनी जिले का नाम रोशन किया। उल्लेखनीय है कि इन छात्राओं ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद कड़ी मेहनत और लगन से अभ्यास कर राज्य स्तर पर यह उपलब्धि हासिल की। छात्राओं के समूह में स्नेहा बर्मन,मुस्कान मिश्रा,आकांक्षा पटेल, ओशी अग्रवाल,नीलम सोनखरे,श्रष्टि सेन,रश्मि कोरी, शामिल रही । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात का मार्गदर्शन इस सफलता में महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने छात्राओं को न केवल निरंतर प्रोत्साहित किया बल्कि उनकी सभी आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की टीम ने भी छात्राओं की तैयारी में विशेष योगदान दिया। डॉ. साधना जैन, डॉ. अमिताभ पाण्डेय, डॉ. किरण खरादी, श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव, डॉ संजयकांत भारद्वाज, श्रीमती प्रियंका सोनी,श्री आंजनेय तिवारी, श्री विनीत सोनी, श्रीमती श्रद्धा वर्मा और श्रीमती रिचा पाण्डेय ने छात्राओं को प्रशिक्षित करने में अहम भूमिका निभाई।



इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने छात्राओं को हार्दिक बधाई दी और उनकी प्रतिभा की सराहना की। साथ ही महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं को भी इनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. विमला मिंज, डॉ. वीणा सिंह, श्रीमती बंदना मिश्रा, के.जे. सिंहा, प्रेमलाल कांवरे, भीम बर्मन,डॉ के.जी.सिंह, डॉ.अशोक शर्मा, बिनेश यादव, नागेन्द्र यादव डॉ.पी.सी.कोरी सहित समस्त स्टाफ ने भी विजेता टीमको शुभकामनाएं दीं।यह सफलता न केवल कटनी जिले के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ी के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत है।

## जिले की 9 ग्राम पंचायतों में जनकल्याण शिविर हुए आयोजित

# शिविर में हितग्राहियों को किया योजनाओं के हितलाभ का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हर पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा ''मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान'' प्रारंभ किया गया है। अभियान का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के हर पात्र हितग्राही को योजनाओं से लाभान्वित कराना है।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर शनिवार को चार जनपद पंचायतों की 9 ग्राम पंचायतों भजिया, पनसोखर, पड़वार, सलैयाप्यासी, भठगवां, भूला, धरवारा, सिनगौडी एवं गोहावल में जनशिविरों का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया गया। तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली बहना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान भारत योजना, संबल योजना ,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, नक्शा खसरा खतौनी की प्रतिलिपि सहित विभिन्न विभागों में संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं सेवाओं के आवेदन प्राप्त कर उनका पंजीयन किया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र एवं आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।



### आज यहां लगेंगे शिविर

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र हितग्राही को शासकीय योजना से लाभान्वित करने के लिए 11 दिसंबर 2024 से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान जिले में प्रारंभ हो गया है, जो 26 जनवरी 2025 तक चलेगा। अभियान के अन्तर्गत जिले के सभी अनुविभागों की ग्राम पंचायतों और नगरीय वार्डो में जिला प्रशासन द्वारा तैयार कैलेंडर के अनुसार निर्धारित अलग-अलग तिथियों में शिविरों का किया जा रहा है। सीएम जनकल्याण शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी से आमजन को अवगत कराया जा रहा है और पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में अभियान के अंतर्गत 19 जनवरी 2025 को जिले की जनपद पंचायत बड़वारा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत परसेल एवं विलायतखुर्द में रविवार को शिविर का आयोजन किया जायेगा। वहीं जनपद पंचायत रीठी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत थनौरा एवं सुगवां तथा जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खिरवा नंबर -1 और कुंदरेही में भी मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविरों की सुचारू व्यवस्था के लिए सेक्टर अधिकारी, सहायक सेक्टर अधिकारी और सर्वे दल प्रभारी की नियुक्ति भी की गई है।



## हादसे में घायल बाइक सवार को भेजा अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सड़क हादसे में घायल बाइक सवार को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता हेतु हाईवे सुरक्षा चौकी प्रभारी सूबेदार मोनिका खड़से एवं स्टाफ द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। शनिवार को दोपहर 14.10 बजे सरसवाही मोड के आगे एक अज्ञात पिकअप वाहन द्वारा मोटर साइकिल चालक को टक्कर मारकर एक्सीडेंट कारित करने की सूचना प्राप्त हुई जिसपर चौकी से सउनि राजेश कोरी, आशीष सोनी ने तत्काल घटनास्थल पहुँच कर सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल उपेन्द्र पटेल लगभग 35 वर्ष निवासी अधारताल जबलपुर को ईलाज हेतु एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा व घायल के परिजनों को सूचना दी गयी।

## खबर संक्षेप

### सातवां जैविक/ प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट-बाजार आज लगाया जायेगा

**दमोह** । जिला प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार प्रत्येक रविवार को प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक जटाशंकर पार्क के पास लगाया जा रहा हैं। इसी क्रम में सातवां जैविक/प्राकृतिक खेती हाट बाजार 19 जनवरी 2025 दिन रविवार को लगाया जायेगा। जैविक/प्राकृतिक तरीके से उत्पादित हानिकारक रसायन रहित उत्पाद अनाज, चाँवल, गेहूँ, मक्का, ज्वार, बाजरा, कोदो कुटकी, रागी से बने उत्पाद, आटा, बेसन, मल्टीग्रेन आटा, हरी मौसमी सब्जियां एवं मौसमी फल, मसरूम सहित आदि उत्पादों का विक्रय किया जाएगा। जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट बाजार में सिंगल यूज पॉलीथिन प्रतिबंधित रहेगी। क्रेतागण घर से थैला लेकर ही आये। स्व-सहायता समूह द्वारा कपड़े के थैलों का भी एक स्टॉल लगाया जा रहा हैं।

### पंझिरिया माता मंदिर में अनुभूति कार्यक्रम सम्पन्न

**पन्ना**। वन विभाग एवं मध्यप्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा दिनांक 18 जनवरी 2025 को आयोजित किए जाने वाले अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन उत्तर वन मंडल पन्ना की रेंज धरमपुर के पंझिरिया माता मन्दिर में द्वितीय शिविर का आयोजन किया गया।

### वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में ट्रैप कैमरे लगाने की तैयारी शुरू

# टाइगर रिजर्व में तीसरी आंख से होगी वन्य जीवों की आवाजाही की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नौरादेही क्षेत्र के बाद अब दमोह क्षेत्र के टाइगर रिजर्व के जंगल को भी ट्रैप कैमरों से लैस किया जा रहा है। जिसका कार्य शुरू हो चुका है। यह कदम वन्य प्राणियों की सुरक्षा और उनकी प्रजातियों व संख्या का सटीक अनुमान लगाने के लिए उठाया। जा रहा है। वीडीटीआर प्रबंधन के अनुसार दमोह और नौरादेही दोनों क्षेत्रों के जंगलों को मिलाकर टाइगर रिजर्व में 1200 से अधिक ट्रैप कैमरे हो जाएंगे। इन कैमरों की मदद से न केवल बाघों और अन्य वन्य प्राणियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी, बल्कि जंगल में अवैध शिकार और अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने में भी मदद मिलेगी। कैमरे लगने के बाद वन्य प्राणियों की दिनचर्या, उनकी आबादी, प्रजातियों की उपस्थिति के बारे में वैज्ञानिक तरीके से जानकारी जुटाई जा सकेगी इससे वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रभावी रणनीतियां तैयार करने में मदद मिलेगी। अधिकारियों की मानें तो ट्रैप कैमरों



का उपयोग आधुनिक तकनीक के रूप में किया जा रहा है। ये कैमरे वन्यजीवों की गतिविधियों को स्वतः रिकॉर्ड करते है, जिससे जंगल के हर कोने में निगरानी की जा सकती है। दमोह वन मण्डल का जो क्षेत्र टाइगर रिजर्व में शामिल है, वहां सुरक्षा के सीमित इंतजाम हैं। इसी कारण पेड़ों की कटाई और वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं यहां आम बात मानी जाती है। शिकारी लगातार सक्रिय रहते हैं।

### अभी यहां लगेंगे कैमरे, फिर बफर क्षेत्र में

वीडीटीआर प्रबंधन के मुताबिक टाइगर रिजर्व के दमोह वन मण्डल में झापन, मोहली और सिंगपुर रेंज में ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं। ये क्षेत्र पहले दुर्गावती सेंचुरी का हिस्सा थे, जो अब टाइगर रिजर्व का हिस्सा हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि इन क्षेत्रों में इसी महीने कैमरे लग जाएंगे। जबकि दमोह के बफर एरिया में भी कैमरे लगाए जाने हैं, जो फरवरी-मार्च के दौरान लगेंगे। यानी गर्मियों से पहले ट्रैप कैमरे लगाने का काम पूरा हो जाएगा।

### उपयुक्त वन्य क्षेत्र की पहचान की जाएगी

रिजर्व के अधिकारियों के अनुसार वन्यजीवों के लिए जो जरूरी प्राथमिकताएं है, उनकी जांच कराने प्रक्रिया हो रही है। जिसमें यह देखना है कि वन्यजीवों के लिए पानी पीने कहां-कहां जलस्त्रोत हैं। वनक्षेत्र के किस हिस्से में अधिक शोरगुल पहुंचता है। अलग-अलग वन्यजीवों के लिए रहने, विचरण करने कौन सा क्षेत्र अधिक उपयुक्त है। उन क्षेत्रों को भी चिन्हित किया जाएगा, जहां शिकार की संभावनाएं हो सकती है, ताकि उन क्षेत्रो में विशेष तौर पर पेट्रोलिंग बढ़ाई जा सके। रिजर्व का अभी जो क्षेत्र है और नया जो क्षेत्र शामिल हो रहा है, उसमें भी अभी प्रारंभिक पेट्रोलिंग तो चल ही रही है लेकिन आगे पेट्रोलिंग को और अधिक बढ़ाया जाएगा

### वन्यजीवों को खोजने में मिलेगी मदद

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डॉयरेक्टर डॉ. एए अंसारी ने बताया कि टाइगर रिजर्व के नौरादेही ब्लॉक में कैमरे लग चुके हैं, अब दमोह क्षेत्र में कैमरे लगाए जा रहे हैं। ये काम गर्मियों के पहले हो जाएगा। इसके बाद टाइगर रिजर्व में 1200 से ज्यादा कैमरे होंगे, इसका फायदा सुरक्षा के साथ ही वन्यजीवों की संख्या पता करने और नए वन्यजीवों को खोजने में मदद मिलेगी

# हटा उपजेल में बंदियों का हुआ नेत्र स्वास्थ्य एवं कुष्ठ रोग परीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन के तहत उप जेल हटा में दमोह जिले के समस्त कुष्ठ सहायकों द्वारा जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एम के जैन तथा जिला कुष्ठ अधिकारी डॉक्टर विक्रांत सिंह चौहान के मार्गदर्शन में तथा सिविल अस्पताल हटा के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर उमा शंकर पटेल के निर्देशन में उपस्थित समस्त बंदियों का सूक्ष्म कुष्ठ रोग(त्वचा) परीक्षण किया गया । सभी का नेत्र परीक्षण अरविंद कुमार नेमा द्वारा किया गया।साथ ही 40 वर्ष से अधिक उम्र के बंदियों के पढ़ाई लिखाई हेतु निशुल्क 11 चश्मों का वितरण जेल अधीक्षक नागेंद्र चौधरी के विशेष प्रयास से किया गया। डॉक्टर रजनीश गांगरा फिजियोथैरेपिस्ट जिला चिकित्सालय दमोह द्वारा सभी जरूरतमंद बंदियों के लिए आवश्यक दबाओं का निशुल्क वितरण किया गया,साथ ही फिजियोथैरेपी से संबंधित व्यायाम करने की सलाह दी गई। इस विशेष टीम में सिविल अस्पताल हटा से डॉ उमाशंकर पटेल डॉक्टर मनीष बहेरिया दंत चिकित्सक,पर्यवेक्षक बुद्धन लाल तंतुवाय, कुष्ठ रोग प्रभारी दशरथ प्रसाद कोरी,साथ ही जिला की टीम से बीएस ठाकुर, केआर पांडे, संजय दुबे, रतन सिंह ठाकुर, उप जेल से नर्सिंग ऑफिसर आयशा मंसूरी के साथ जेल के उपस्थित स्टाफ का सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम द्वारा की गई जांच एवं निशुल्क चश्मा वितरण पर जेलर नागेंद्र चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी का आभार माना।

# सीएम जनकल्याण अभियानः जबेरा में 124 हितग्राहियों को 3 करोड़ 88 लाख का हितलाभ वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के मंगल भवन में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत खण्ड स्तरीय मेगा जन कल्याण शिविर आयोजित किया गया. जिसमें आठ विभाग के 124 हितग्राहियों को कल 3 करोड़ 88 का हितलाभ वितरण किया गया। इसके पहले 11 दिसंबर से 17 जनवरी तक 57 ग्राम पंचायत में लगाए गए मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर में 5519 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 5419 का निराकरण किया गया है। मेगा शिविर में शामिल हुए



स्थानीय विधायक एवं मध्य प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा जबेरा जनपद में 20 हजार भू स्वामित्व पट्टे का वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर के चलते आपकी सरकार आपके द्वार के तहत आपको समस्याओं का निराकरण आपके द्वारा पर ही हमारी सरकार करने का काम किया है। हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में एवं प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव जी नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार युवाओं, किसानों,महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए संकल्पित है। इस दौरान लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये जिसमें प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के 51 हितग्राही को 6120000 महिला बाल विकास लाडली बहना 429000 प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के दोहिता ग्राहियों को 10000 श्रम विभाग अनुग्रह सहायता राशि 15हितग्राहियों 3000000 राष्ट्रीय परिवार सहायता तीन हितग्राहियों को 60000 इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन के तीन हितग्राहियों को 3000 दिव्यांगजन उपकरण एक हितग्राही 8000 आयुष्मान कार्ड 70 प्लस पांच हितग्राहियों 25 00000 निःसूय मित्र फूट बास्केट वितरण पांच यूडीआईडी कार्ड 3 कृषि यंत्र 511476 आजीविका मिशन के 28समूहों को दो करोड़ 70 लाख पशुपालन विभाग केसीसी 180000 सहित 3 करोड़ 88 लाख हितलाभ वितरित किए गए। मेगा शिविर कार्यक्रम में एसडीएम सौरव गंधर्व जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल तहसीलदार सोनम पांडे आजीविका मिशन विकासखंड प्रबंधकअजय शुक्ला प्रबंधक ,सहायक विकासखंड प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा,ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ डीके राय एसबीआई शाखा प्रबंधक मिथिलेश चौधरी अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों में सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन,मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई, रानू नामदेव, सत्यपाल सिंह, मंदीप यादव ,सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### देवरी फतेहपुर और रजपुरा में स्वामित्व प्रमाण-पत्र किये गए वितरित

**दमोह**। शासन की योजना अनुसार हटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत देवरी फतेहपुर और ग्राम पंचायत रजपुरा में पात्र हितग्रहियों को स्वामित्व योजना अंतर्गत स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम, नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार और राजस्व अमले सहित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में देवरी फतेहपुर और रजपुरा में आयोजित कार्यक्रम में योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

# जरूरतमंदों को जिला चिकित्सालय पहुंचकर किया रक्तदान



**दमोह**। महामाया रक्तदान एवं जनकल्याण समिति द्वारा 6 यूनिट किया रक्तदान जिला चिकित्सालय पहुंचकर आकाश जी ने ओ पॉजिटिव, कृषकान्त अहीरवाल, ओ पॉजिटिव, धीरज परिहार ओ नेगेटिव, योगेश मिश्रा बी पॉजिटिव, राजू तिवारी, ओ पॉजिटिव, जगदीश नेमा ने रक्तदान किया। रक्तदान और समिति के अध्यक्ष अखिलेश रजक जी बताया की उन सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते है, जिन्होंने अपने रक्तदान से कई लोगों को जीवन दान दिया है और सभी युवा दोस्तों से अनुरोध हैं की जब भी मौका मिले रक्तदान जरुर करे। डॉक्टर विशाल शुक्ला, कवित्री प्रेमलता नीलम, अध्यक्ष अखिलेश रजक, आशीष रजक मनीष सागर प्रदीप राजपूत, उषा यादव, सुमन चढ़ार, प्रीति गुप्ता, सौरभ खर, विनोद जी अनुपम खरे मौजूदगी रहीं।

# एसडीएम ने वनांचल के गांवों में स्कूली बच्चों को वितरित किए स्वेटर



**हरिभूमि, सिंग्रामपुर**। एसडीएम सौरव गंधर्व ने जबेरा विकासखंड के दूरस्थ वनांचल गांवों में स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित किए। इन गांवों में देवतरा, वोदा, झादा, और मानगढ़ शामिल हैं। राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि इन गांवों के बच्चे कड़ाके की ठंड में बिना स्वेटर के स्कूल जाते थे, इसलिए ठंड से बेहाल बच्चों के लिए स्वेटर की मांग प्रशासनिक अधिकारियों से की गई थी। एसडीएम सौरव गंधर्व ने स्वेटर की व्यवस्था करते हुए स्वयं दूरस्थ वनांचल गांव की स्कूलों में पहुंचकर बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। तीन गांव के स्कूली बच्चों को करीब 155 स्वेटर का वितरण किया गया है, जिसकी विद्यालय स्टाफ एवं ग्राम वासियों के द्वारा प्रशंसा की गई है। राहुल श्रीवास्तव की इस पहल की एसडीएम और ग्राम वासियों के द्वारा प्रशंसा की गई है और इस तरह के कार्य आगे भी जारी रखने के लिए कहा है।

# क्वार्टर फाइनल मैच गुरूदेव क्रिकेट क्लब एवं देव डेंजर ने जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेन्दूखेड़ा प्रीमियर लीग-2025 (टीपीएल) क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट के बारहवें दिन उत्कृष्ट विघालय मैदान में दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। पहला क्वार्टर फाइनल पारसमणि किंग्स 11 एवं गुरूदेव क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए पारसमणि सुपर किंग्स की टीम ने 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 87 रन बनाएं। जबाव में उतरी गुरूदेव क्रिकेट क्लब की टीम ने 6.1 ओवर में 1 विकेट गंवाकर 88 रन बनाकर जीत हासिल की। कमलेश केवट ने 22 गेदों में शानदार 49 रन बनाकर नाबाद रहते हुए मैन आफ द मैच अपने नाम किया।

इसके अलावा दूसरा क्वार्टर फाइनल देव डेंजर एवं नगर परिषद के बीच खेला गया। जिसमें देव डेंजर की टीम ने 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 76 रन बनाएं तो लक्ष्य का पीछा करने उतरी नगर परिषद की टीम 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 76 रन ही बना पाई। जिस कारण मैच में सुपर ओवर फेंका गया जिसमें देव डेंजर की ओर से 1 ओवर में 7 रन बनाएं। लेकिन नगर परिषद की टीम 1 ओवर में 2 विकेट खोकर 4 रन ही बना पाई। देव डेंजर ने मैच को जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेष किया। गोलू नामदेव ने 9 गेदों पर शानदार 12 रन एवं 2 विकेट लेकर मैन आफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। जिन्हें पुरूस्कार एवं नगद राषि राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के भाई टूर्नामेंट के सरंक्षक नितेंद्र सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधी मूरत सिंह लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव के द्वारा प्रदान की गई। इस दौरान देव डेंजर के आंनर राजीव जैन रसिया ने संपूर्ण खिलाड़ियों को मीठा खिलाकर जीत की बधाई दी। अंपायर वीरेंद्र जैन, महेंद्र ठाकुर रहे। आंन लाईन स्कोरर जीत यादव, अंष यादव, युवराज परिहार रहे। मैच का आंखो देखा हाल चेतन जैन, अभिषेक मोदी, बहादुर ठाकुर के द्वारा सुनाया गया।



**खबर संक्षेप**

## सेंट नॉबर्ट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल दमोह द्वारा चलायी जाएगी एनसीईआरटी की पुस्तकें

**दमोह।** सी.बी.एस.ई द्वारा जारी अधिसूचना तथा कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला समिति सुधीर कुमार कोचर एवं जिला शिक्षा अधिकारी/सदस्य सचिव जिला समिति एस.के नेमा द्वारा संयुक्त रूप से जारी किए गए आदेश के प्रावधानों के अन्तर्गत सेंट नॉबर्ट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल दमोह द्वारा जिला समिति को सूचित किया गया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा सत्र 2025-26 हेतु विद्यालय में संचालित कक्षा पहली से बारहवीं तक सभी कक्षाओं में समस्त विषयों के पठन-पाठन हेतु एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू की गयी हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सूचित किया गया कि केवल कक्षा 11वी एवं 12वीं के वैकल्पिक विषय फिजिकल एजुकेशन हेतु सी.बी.एस.ई द्वारा प्रकाशित पुस्तक लागू की गयी है।

### शासकीय स्कूलों के किचन सेट बने शोपीस, नहीं हो रहा उपयोग

# कई वर्षों से बंद पड़ा प्राथमिक बालक शाला का किचन सेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद



शासन द्वारा सरकारी स्कूलों में लाखों रुपए खर्च करके किचन सेट का निर्माण कराया गया था ताकि स्कूलों में ही बच्चों को मध्यान भोजन बनाया जाए, लेकिन शायद ही किसी स्कूल के किचन सेट में मध्यान भोजन बनाया जा रहा हो अधिकांश समूह संचालक अपने घर से ही मध्यान भोजन बनाकर एक छोटे से थैले में रखकर स्कूल पहुंचते हैं। शासन के मेन्यू अनुसार नहीं अपनी मनमर्जी से मध्यान भोजन की सप्लाई करते हैं। स्कूल की किचन सेट में मध्यान भोजन नहीं बनाए जाने का जीता जागता उदाहरण ग्राम की प्राथमिक बालक शाला स्कूल परिसर में बने किचन सेट की हालत को देखकर सहज ही लगाया जा सकता है। यहां पर बना किचन सेट लगातार कई वर्षों से बंद है। किचन सेट में बरसों से ताला लटक रहा है इसी तरह अन्य शासकीय स्कूलों में भी किचन सेट बंद पड़े हुए देखे जा सकते हैं। स्कूलों में अध्यारत छात्रों ने हरिभूमि को बताया कि हम लोगों को शासन के मेनू अनुसार मध्यान भोजन नहीं परोसा जाता है। कुछ छात्रों का तो यह भी कहना है कि हमें तो आज तक खीर,हलुवा,और छोले की सब्जी का स्वाद भी प्राप्त नहीं हुआ है। गौरतलब है कि सरकार द्वारा मध्यान भोजन पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। क्या? वास्तव में स्कूलो में पढ़ने वाले छात्रों को स्वादिष्ट और भरपेट भोजन प्राप्त होता है या सिर्फ कागजी घोड़े दौड़ाये जा रहे हैं। कुछ बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि इससे पहले 2014 में स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को सरकार द्वारा जो अनाज (गल्ला) दिया जाता था। वह स्कीम बहुत अच्छी थी अनाज छात्रों के घर पहुंचता था, और स्कूल में मध्यान भोजन वितरण प्रक्रिया से जो छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ता है। वह असर भी नहीं पड़ता था, छात्रों ने शानस द्वारा निर्धारित किए गए मेनू के मुताबिक मध्यान भोजन वितरण किए जाने की मांग की है।

### मैराथन व ध्वजारोहण के साथ हुई बुंदेली दमोह महोत्सव के प्रारंभ की उद्घोषणा

# जब हम स्वच्छ दमोह के लिए आगे आयेंगे तभी हम सुसंस्कारित नागरिक बन पायेंगे- डॉ सुधा मलैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली दमोह महोत्सव की शुरुआत प्रातः साइकिल मैराथन के साथ हुई जिसमें मैराथन को हरी झंडी न्यास के आजीवन संरक्षक दमोह विधायक जयंत मलैया, दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, श्रीमती डॉक्टर सुधा मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, सीएसपी अभिषेक तिवारी ने दिखा कर मैराथन की शुरुआत की। साइकिल मैराथन महाराणा प्रताप चौक से प्रारंभ हुई जो किल्लाई नाका, तीन गुल्ली, स्टेशन चौराहा, घंटाघर, डॉ अंबेडकर चौराहा से होते हुए बुंदेली दमोह महोत्सव परिसर तहसील मैदान पर संपन्न हुई, जहां न्यास समिति द्वारा ध्वजारोहण कर बुंदेली दमोह महोत्सव प्रारंभ होने की उद्घोषणा की। साइकिल मैराथन में बड़ी संख्या में विद्यालय महाविद्यालय छात्रों ने उत्साह और जुनून के साथ अपनी सहभागिता निभाई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि हम सभी का एक ही लक्ष्य है दमोह को ग्रीन बनाना है दमोह को क्लीन बनाना है इस मिशन में सहज अपनी सहभागिता निभाएं कि हमारा दमोह देश का सबसे स्वच्छ शहर बने। उत्सव को उत्तरदायित्व में बदल दिया जैसे हम सभी उत्सव मनाते हैं तो उत्सव के साथ उत्तरदायित्व सफाई का जिसके लिए मैं महोत्सव आयोजन समिति को साधुवाद देता हूं। तीन शब्द है रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल। पहला कचरा कम से कम निकाले और कचरा निकलना नहीं चाहिए और यदि कचरा निकालते हैं तो उसको रीयूज करने की कोशिश करें यदि कोई सामान लेते हो तो उसको कितनी बार अधिक से अधिक उसे यूज कर सकते हो वह हमें करना चाहिए और यदि कचरा निकल तो उसे रीसायकल करने की कोशिश करें जिससे उसे वापस यूज किया जा सके जितना हमने कचरा निकाला है उसे वापस यूज करने की स्थिति में ला सके और इसी से क्लीन दमोह ग्रीन दमोह का सपना साकार होगा। बुंदेली दमोह महोत्सव आजीवन संरक्षिका श्रीमती डॉक्टर सुधा मलैया ने कहा कि जैसा जिलाधीश महोदय ने कहा कि हमें स्वच्छ दमोह चाहिए लेकिन स्वच्छ दमोह करने के लिए कोई बाहर से नहीं आएगा हमसे ही स्वच्छ दमोह की शुरुआत होगी जैसे अभी हम सभी स्लपाहार करेंगे तो जो डिस्पोजल होंगे उन्हें यहां वहां नहीं फेंकना थोड़ी सी मेहनत लगेगी डस्टबिन के पास जाने के लिए लेकिन डिस्पोजल को डस्टबिन में ही डालना है और हम आज से ही यह सीखेंगे तो हम अच्छे सुसंस्कारित नागरिक बन जाएंगे और हमारा दमोह स्वच्छता में अव्वल होगा। साइकिल मैराथन में न्यास सचिव प्रभात सेठ, सदस्य केप्टन वाधवा, प्रबंधक कार्यकारिणी संयोजक मोहित संगतानी, रवि गोस्वामी, घनश्यामदास पाठक, मैराथन प्रभारी प्रभारी मनीष तिवारी, राजू नामदेव, संतोष रोहित, राघवेंद्र सिंह परिहार, पवन तिवारी, रमाकांत बाजपेई, राजेंद्र चौरसिया, प्रिंस जैन, भरत यादव, प्रमोद विश्वकर्मा, मोंटी रैकवार, विकल्प जैन, विशाल शिवहरे, मयंक वाधवा,रितेश सोनी, धर्मेंद्र अहीरवाल, डीके रोहित, बालकिशन यादव, तरुण शर्मा, हरजीत सिंह, पंकज सेन, बृजेंद्र तिवारी, राम जैन, बृज सेन, मयंक सेन, हरी रजक, कृष्णा तिवारी, मनीष जैन, अमरदीप जैन लालू, किस्सू खरे, विक्की जैन, मनोज देवलिया, मयंक देवलिया, अमित जैन, जयपाल राजपूत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और महोत्सव समिति सदस्यों ने अपनी सहभागिता निभाई।

### गणेश पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया शुभारंभ



**दमोह।** भगवान गणेश की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ 14 दिवसीय बुंदेली महोत्सव का शुभारंभ आज प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह लोधी, पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, दमोह जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर एवं भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने भगवान गणेश का पूजन कर एवं दीप प्रज्जवल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की ओर से किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मेले की सराहना करते हुए कहा मेला लगातार बुंदेलखंड की संस्कृति के साथ देश के अनेक प्रांतो की संस्कृति को एक मंच पर लाने का अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार इस प्रकार के आयोजन में सहयोग करने के लिए लगातार तैयार रहती है। आयोजकों को उन्होंने धन्यवाद देते हुए शुभकामनाएं दी। कलाकारों ने भरतनाट्यम के साथ गीत संगीत की बेहतरीन प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी का मन मोह लिया। आयोजन के संबंध में डॉ.सुधा मलैया ने कहा कि यह आयोजन का 12 वां वर्ष है इस बार मेला 14 दिन का होगा। उन्होंने सभी अतिथियों एवं मेला में आने वाले दर्शकों तथा दुकानदारों का आभार व्यक्त किया और स्वागत किया।

### सदगुवां जैन मंदिर सागर नाका में तीन दिवसीय विशाल धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ

# भक्तों ने श्रमणोपाध्याय रत्न विरंजन सागर जी का 9 वां मुनि दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला मुख्यालय पर स्थित श्री सदगुवां जैन मंदिर सागर नाका में एक विशाल धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर परम पूज्य श्रमणोंपाध्याय रत्न श्री 108 विरंजन सागर जी का 9 वां मुनि दीक्षा दिवस मनाया गया। 9 साल पहले परम पूज्य गुरुदेव को परम पूज्य विराग सागर जी महाराज ने दमोह की धारा पर ही मुनि दीक्षा दी थी, तो इस अवसर पर भव्य मुनि दीक्षा महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान सबसे पहले विद्यार्थियों की सद्बुद्धि के लिए सरस्वती महा अर्चना के माध्यम से विधान का आयोजन किया गया। वही उसके बाद परम पूज्य आचार्य विद्या सागर जी महाराज, आचार्य विराग सागर जी महाराज, आचार्य समय सागर जी महाराज, पूज्य आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज का जिले के विभिन्न स्थानों से आए मंडलों के माध्यम से अर्घ चढ़ाया गया। वहीं विभिन्न मंडलों के माध्यम से अष्ट द्रव्य सजाकर उपाध्याय विरंजन सागर जी महाराज की पूजन भी की गई। इसी दौरान बालिका मंडल के माध्यम से पूज्य विरंजन सागर जी महाराज के जीवन की कथा का सुंदर मंचन किया गया। आयोजन के दौरान भक्तों को पूज्य गुरुदेव के बाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य, शास्त्र भेंट करने का शुभ अवसर भी प्राप्त हुआ। इस दौरान पूज्य मुनि श्री विशौम्य में सागर जी महाराज ने प्रवचनों के माध्यम से गुरु की महिमा का गुणगान किया।

### हम सभी गुरु की सेवा करें - विरंजन सागर जी महाराज

पूज्य विरंजन सागर जी महाराज ने मुनि दीक्षा दिवस पर अपने गुरू पूज्य विराग सागर जी महाराज का उपकार माना। जिन्होंने उनको दीक्षा देकर के इस पथ पर आगे बढ़ाया। गुरु के उपकार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। गुरु ने उपाध्याय बनाकर उन पर उपकार किया हैं। संत किसी विशेष के नहीं होते, संत सभी के होते है। संत सुरक्षित है तो समाज सुरक्षित हैं। मुनियों के कारण आप दिगंबर कहलाते है। समाज का कर्तव्य हैं कि वह संतो की सेवा करें। आप दीक्षा नहीं ले पा रहे कोई बात नहीं। दिगंबर मुनियों के संयम की अनुमोदना करने वाले का निश्चित ही कल्याण होगा। श्रावकों के भीतर भी संयम लेने का भाव आए। संयमधारी की रक्षा करना आपका धर्म हैं। समाज की आस्था बढ़ रही पर विवेक कम हो रहा है। संत के आहार और विहार में आपकी उपस्थिति आवश्यक हैं। आयोजन के दौरान बुंदेलखंड एवं महाकौशल के अनेक स्थानों से आए भक्तों की मौजूदगी रही।

# लीनेस क्लब का हुआ शपथ ग्रहण, स्मृति खरे बनी अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

लीनेस मैत्री क्लब दमोह की नई कार्यकारिणी ने एक भव्य इंस्टॉलेशन सेरेमनी में शपथ ग्रहण कर विधिवत रूप से अपना कार्यकाल संभाला । इस अवसर पर मैत्री क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष स्मृति खरे ने निवर्तमान अध्यक्ष रोजी बग्गा द्वारा पिन ग्रहण कर शपथ ली। वहीं पूजा सचदेव ने रजनी खरे से पिन बदलकर सचिव पद का कार्यभार संभाला। ज्योति सचदेव ने अपना पिन नर्मदा सिंह को कोषाध्यक्ष बनाकर लगाया। कार्यक्रम में क्लब के सदस्य और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राहुल सिंह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने क्लब की प्रशंसा करते हुए कहा कि सेवा गतिविधियों में क्लब को उनका सदैव सहयोग रहेगा । विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ मलैया द्वारा दिए गए वक्तव्य में उन्होंने मैत्री क्लब के सामाजिक सेवा कार्यों की सराहना की । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा मलैया ने की। अतिथियों द्वारा पत्रकारों को सम्मान भेंट दी गई । कार्यक्रम की शुरुआत मोनिका चिले द्वारा भगवान गणेश वंदना क्लासिकल शैली में की गई। अंजना सोनी द्वारा लीनेस प्रार्थना की गई। प्रोटोकाल के साथ ध्वज वंदना प्रिंसी जैन ने पढ़ी। कार्यक्रम का मंच संचालन ज्योति सचदेव और रिम्मी जुनेजा ने बखूबी से निभाया। अध्यक्ष स्मृति खरे ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मैत्री क्लब सदैव वंचितों के स्वास्थ्य, शिक्षा, कुपोषण, रोजगार, पर्यावरण से जुड़े सेवा कार्य पर कार्य करेगा । कंपकंपाती ठंड में श्रमिक महिलाओं को गर्म कंबलों का वितरण किया गया। इस पुण्य सेवा कार्य को अनीता टंडन और कविता चंदानी द्वारा किया गया। चंदानी द्वारा बच्चों को खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए गए। एरिया ऑफिसर शपथ अधिकारी रोजी बग्गा ने कार्यक्रम में क्लब के सभी नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर नए कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी । इस मौके पर जया बुधवानी, पदमा दुबे,ज्योति चिले , एकता जुनेजा, जया मदान, सुधा मिश्रा, सारिका टडन, राखी चोपड़ा, कोमल नोतानी, मनीषा तिवारी, आशा अग्रवाल, आशी खुराना, राखी जैन ,अंशु स्वर्णकार, कंचन खत्री, बबली जुनेजा, विजेता राय, पूजा जुनेजा, प्रियंका चैहान, शिल्पा राव, सुनीता अग्रवाल, रितु यादव, रंजना नौतनी, अलका मिश्रा, नीतू राय, पिंकी जुनेजा उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय अनुभति शिविर का हुआ समापन

### वन अधिकारियों ने साझा की वन क्षेत्र से जुड़ी जानकारी



मडियादो। दो दिवसीय अनुभूति कैंप का समापन केन घड़ियाल अधीक्षक खजुराहो राजवेंद्र मिश्रा की उपस्थिति में किया गए। अनुभूति शिविर में माध्यमिक शाला मडियादो के 120 छात्रों द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को वन क्षेत्र में पाए जाने वृक्षों की पहचान ओर उनके उपयोग के बारे समझाइश दी गई। इसके साथ पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघ संख्या, वन्य जीव प्रजाति, वल्चर की सर्वाधिकता, घड़ियाल पाए जाने सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी छात्रों से साझा की गई। दी जानकारी पर क्विज प्रतियोगिता, निबंध आदि का लेखन हुआ और अव्वल आए छात्रों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र दिया गया। अधीक्षक राजवेंद्र मिश्रा ने छात्रों को बताया कि इस वर्ष अनुभूति शिविर के उद्देश्य में एक नए विषय को जोड़ा गया है जो पर्यावरण और वन संरक्षण के लिए बहुत जरूरी है। मैं भी बाघ की थीम के साथ आओ बदलाव करे विषय भी जोड़ा गया है जिसके चलते वन ओर रहवास को पॉलीथिन से मुक्त करना, जल संरक्षण की दिशा में बढ़ना सहित वन्य जीव सुरक्षा आदि है। मडियादो परिक्षेत्र अधिकारी रामप्रसाद प्रजापति ने बताया कि आज के छात्र कल का भविष्य है इसलिए उनका पर्यावरण के प्रति लगाव , महत्व और वन सुरक्षा को समझना जरूरी है। प्रकृति की अनुपम संरचना का संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणजन को वन क्षेत्र को हरा करने के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान छात्रों के वफरक्षेत्र प्रबंधन के वनकर्मी ऋषि पटेरिया, सुधाकर पांडे, रामगोपाल अहिरवार, वीरेश खटीक, रामप्रसाद प्रजापति, संतोष सेन सहित बालिका छात्रावास की वार्डन चंद्रकिरण खरे, शिक्षक राकेश मिश्रा,विनीता छिरोल्या, विनोद पटेरिया, जयदीप मिश्रा, अपर्णा पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

# खेतों ने ओढ़ी पीली चादर



**हटा।** अनुविभाग हटा क्षेत्र के अधिकांश किसान सरसों की खेती की ओर चल पड़े हैं क्योंकि लगातार खाद्य तेलों के रेट बढ़ रहे है बढ़ते खाद्य तेलों की वजह से क्षेत्र में लगभग विलुप्त हो चुकी दलहन तिलहन की खेती को अवसर में बदल रहे हैं। क्षेत्र में सरसों की खेती का दायरा बढ़ गया है। इस समय खेतों में सरसों के फूल लहलहाने लगे हैं। इन दिनों सड़क किनारे नीले आसमान के नीचे सरसों के पीले फूलों को देख ऐसा लग रहा है मानो प्रकृति अपनी सुंदरता बिखेर रही है। इस बार सरसों की फसल को देख अच्छी पैदावार होने की उम्मीद है। वनांचल क्षेत्र के किसानों ने बताया कि हम लोग सरसों की खेती साल में दो बार करते हैं। किसान फूलसिंह आदिवासी जमुना यादव ने बताया कि इस वर्ष सरसों की फसल में सरसों के पीले फूलों की ओर आकर्षित होने वाले कीटों से फसलों की क्षति होने से बचने के लिए कृषि विभाग की ओर से उचित देखरेख करने की सलाह दी जा रही है।

# गणेश भगवान के दर्शन किये और मेले में हुये शामिल

**दमोह ।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने पथरिया विधानसभा के ग्राम झागर में गणेश भगवान के दर्शन और मेले में सहभागिता कर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की एवं ग्राम मढ़ीखेरा में आयोजित महोत्सव में शामिल हुये। इस दौरान राज्यमंत्री श्री पटेल ने सभी को संबोधित किया। ग्राम तरावली में भागवत में सम्मिलित हुए। इसके साथ ही ग्राम महंतपुर, पुरा पहुंचकर शोकाकुल परिवारों के बीच पहुँचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की एवं ग्रामीणजन का कुशलक्षेम जाना।

# जैसी संगति होगी वैसा अच्छा, बुरा नतीजा मिलेगा - छोटे मोरारी बापू

**दमोह ।** नगर के आम चोपरा के समीप भिड़ा परिसर में चल रही संगीतमय श्री राम कथा में छोटे मोरारी बापू संत श्री रामगोपाल दास जी महाराज ने कहा था संगति करना है तो अच्छी व्यक्तियों से करना चाहिए । बुरे व्यक्तियों के साथ में संगति करोगे तो नतीजा खराब ही मिलेगा । इसलिए हमेशा अच्छे लोगों की संगत करे तो नतीजा भी अच्छे होंगे। इस संसार में चार प्रकार की स्त्री होती है पहला, दूसरा ,तीसरा चौथा कम से कम जितनी माता है बैठी है उतना ही तो सभी सुनने के बाद आप अभिनय निश्चय करना कि मैं पहले नंबर की हूं की तीसरे नंबर की है । अनुसईया माता ने सीता को बताया की पहले नंबर पर पहले उत्तम , दूसरा मध्य ,तीसरा कनिष्ठ ,चौथी नीच प्रकार की हैं रामायण की भाषा में कहा जाए तो पहला उत्तम महिला वही है जो अपने पति को सब कुछ माने, एक स्त्री का पति सब कुछ है।जब स्त्री के सामने भगवान ,गुरु, गोविंद खड़े हैं तो स्त्री को सबसे पहले किस को प्रणाम करना चाहिए। तब बताया कि सबसे पहले पति को फिर भगवान गुरु को प्रणाम करें। दूसरी स्त्री वह हैं जो युवाओं को भाई के समान , बुजुर्ग को पिता के रूप में , छोटे बच्चों पुत्र के स्वरूप में माने । तीसरी स्त्री वह हैं जो हमेशा अपने मन मे किसी के लिये अच्छा नही सोचे वह कनिष्ठ । चौथी जो हमारी जैसी इक्छा होगी वैसा करूंगी वह नीच स्त्री हैं ऐसा अनसुइया माता ने सीता जी को बताया । और राम कथा के 9 प्रकार की भक्ति प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को आनंदित कर दिया । इस अवसर पर कथा श्रवण करने पूर्व कृषि मंत्री डॉ रामकृष्ण कुसमरिया पहुंचे।

**नाम संशोधन सूचना**

शपथकर्ता ब्रजेश लोधी, उम्र 36 वर्ष, पिता दरयाब सिंह लोधी साकिन तारादेही, तह. तेंदूखेडा, जिला दमोह, म.प्र. ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि उनकी बड़ी पुत्री मेघा लोधी के घर का नाम साक्षी है. लेकिन विद्यालय एवं आधार कार्ड में उसका नाम मेघा लोधी दर्ज है। यह कि मेघा लोधी और साक्षी एक ही महिला के ही दोनों नाम हैं। सभी शासकीय दस्तावेजों में मेरी बड़ी बेटी का सही नाम मेघा लोधी अंकित किया जाए।

शपथकर्ता
ब्रजेश लोधी निवासी तारादेही
तेंदूखेड़ा, जिला दमोह